# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE :- 11 OCTOBER, 2025

# MCU NEWS

स्वदेश ज्योति

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में हिन्दी परिवार का एमसीयू महोत्सव 2025 आयोजित




**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में हिन्दी परिवार द्वारा एमसीयू महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन, गायन, नृत्य, रैंप वॉक आदि की प्रस्तुति हुई। एमसीयू महोत्सव का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी एवं देश ख्यात कवियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साहित्य जगत में उल्लखेनीय एवं अभूतपूर्व योगदान के लिए हिन्दी परिवार द्वारा कवि चौधरी मदन मोहन समर, डॉ. नुसरत मेहदी, दीपक शुक्ला दनादन, भुवन सिंह धांसू, लोकेंद्र सिंह, विवेक सावरीकर मृदुल एवं डॉ. अरुण अज्ञानी को सम्मानित किया गया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अपने उद्बोधन में आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। हिन्दी परिवार के अध्यक्ष ओमकार अवस्थी ने सर्वप्रथम स्वागत भाषण दिया एवं इसके पश्चात कवि सम्मेलन शुरु हुआ। हास्य रस के ख्यात कवि भुवन सिंह धांसू एवं दीपक शुक्ल दनादन ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया।


NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
SWADESH JYOTI 11-10-2025

स्वदेश

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY

भोपाल - संस्करण

11 Oct 2025

## माखनलाल पत्रकारिता विवि. में हिन्दी परिवार ने मनाया उत्सव

# कवि सम्मेलन, गायन, नृत्य, रैंप वॉक ने बांधा समां



स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में शुक्रवार को हिन्दी परिवार ने एमसीयू महोत्सव आयोजित किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन, गायन, नृत्य, रैंप वॉक आदि की प्रस्तुति हुई।

महोत्सव का शुभारंभ कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी समेत देश के ख्याति कवियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर साहित्य जगत में उल्लेखनीय एवं अभूतपूर्व योगदान के लिए एमसीयू ने हिन्दी परिवार की ओर से कवि चौधरी मदन मोहन समर, डॉ. नुसरत मेहदी, दीपक शुक्ला दनादन, भुवन सिंह धांसू, लोकेंद्र सिंह, विवेक सावरीकर मृदुल एवं डॉ. अरुण अज्ञानी को सम्मानित किया गया।

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। हिन्दी परिवार के अध्यक्ष ओमकार अवस्थी ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात हास्य रस के ख्यात कवि भुवन सिंह धांसू एवं दीपक शुक्ल दनादन ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। वही वीर रस के ख्यात कवि चौधरी मदन मोहन समर, तो उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने अपनी कविताओं से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इसी तरह कवि सम्मेलन में लोकेंद्र सिंह, विवेक सावरीकर मृदुल एवं डॉ.अरुण अज्ञानी ने भी अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी उद्यांश और निखिल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला समेत हिन्दी परिवार के सक्रिय सदस्य विद्यार्थी यश, अभिषेक, अंकित, अलंकृता, आदित्य, प्रतीत, मुस्कान, अन्वेय, स्नेहा, हर्ष, साक्षी आदि उपस्थित रहे।